Bhajankilyrics

# बोलो हनुमत हठीले की जय जय जय

Downloaded on: May 1, 2025

बोलो हनुमत हठीले की जय जय जय तीनो मैंयन की जय, चारों भैयन की जय, बोलो हनुमत हठीले की, जय जय जय।। राम जी के सेवक है हनुमान प्यारे, मैया सिया जी की आंखों के तारे, मैया सिया जी की आंखों के तारे, श्री राम जी की जय, मैया सीता की जय, बोलों हनुमत हठीलें की, जय जय जय।। अंजनी का लाला है बड़ा मतवाला, छोटी उमर से ही नटखट निराला, छोटी उमर से ही नटखट निराला, माता अंजना की जय, पिता केसरी की जय, बोलों हनुमत हठीलें की, जय जय जय।। अष्ट सिद्धि नौ निधि के दाता, ध्याए जो तुमको सदा सुख पाता, ध्याए जो तुमको सदा सुख पाता, संकटमोचन की जय, कष्टभंजन की जय, बोलों हनुमत हठीलें की, जय जय जय।। तीनो मैंयन की जय, चारों भैयन की जय, बोलो हनुमत हठीले की, जय जय जय।।

© 2025 Bhajankilyrics. All rights reserved.